भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2679
दिनांक 17 **मार्च**, 2022

पश्चिम बंगाल में सिटी गैस वितरण नेटवर्क

†2679. **श्री सौमित्र खान**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पश्चिम बंगाल के उन शहरों का ब्यौरा क्या है जिनका सिटी गैस वितरण (सीजीडी) के लिए चयन किया गया है;

(ख) उन शहरों के क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जहां पाइप के माध्यम से गैस का वितरण शुरू किया गया है और उन क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है जहां ढांचागत विकास से संबंधित कार्य अभी भी प्रगति पर है;

(ग) क्या सरकार पश्चिम बंगाल के अन्य शहरों में भी सीजीडी के लिए कोई योजना तैयार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार की बांकुरा जिले सहित बिष्णुपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सिटी गैस वितरण के तहत सभी को पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन प्रदान करने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या इस योजना के कार्यान्वयन के लिए किसी एजेंसी की नियुक्ति की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ङ) पीएनजीआरबी अधिनियम, 2006 के अनुसार भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) में नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क का विकास करने के लिए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) कम्पनियों को प्राधिकृत करने वाला प्राधिकरण है। 10वें सीजीडी दौर तक, पीएनजीआरबी ने 228 जीएज को प्राधिकृत किया है जिनमें पश्चिम बंगाल राज्य के 6 जीएज सहित 27 राज्यों/केन्द्र शासित प्रदेशों में 407 जिले शामिल हैं। इनमें से पश्चिम बंगाल राज्य में बर्दमान जिला, कोलकाता महानगर कॉर्पोरेशन तथा आस-पास के जिलों के भाग, हावड़ा (ईएएए) एवं हूगली (ईएएए) जिलों एवं नादिया (ईएएए) जिला और उत्तर परगना जिलों को कवर करते हुए 4 जीएज में प्रचालन कार्य शुरू हो गया है।

65 भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) में नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क का विकास करने के लिए पीएनजीआरबी ने दिनांक 17.09.2021 को 11वें सीजीडी बोली दौर की शूरूआत की है। पीएनजीआरबी ने 215 (212 पूर्ण एवं 3 आंशिक) जिलों को कवर करते हुए 61 जीएज के लिए बोलियां प्राप्त की हैं जिसमें पश्चिम बंगाल राज्य में 3 जीएज शामिल हैं और सफल बोलीदाताओं को आशय पत्र जारी किए गए हैं। 11वें सीजीडी बोली दौर के अंतर्गत पीएनजीआरबी ने दिनांक 07.01.2022 को 27 जिलों को कवर करते हुए 5 जीएज के लिए भी बोली आमंत्रित की है जिसमें पुरूलिया और बांकुरा जिलों (बिष्णुपुर लोकसभा क्षेत्र) को कवर किया गया है।

****